HAMIRPUR POLICE

जनपद हमीरपुर दिनांक 25.03.2023

महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण का संदेश लेकर जनपद हमीरपुर पहुंची महिला पुलिस रैली का किया गया भव्य स्वागतः-

शक्ति की उपासना के चैत्र नवरात्रि पर्व पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा निकाली जा रही जागरुकता रैली (22.03.2023- 29.03.2023 तक) जो विंध्याचल धाम मिर्जापुर से प्रारम्भ होकर जनपद गौतमबुद्धनगर में समाप्त होगी। आज दिनाँक-25.03.2023 को महिला सशक्तिकरण रैली का आगमन जनपद हमीरपुर में हुआ जहां कानपुर-हमीरपुर सीमा से अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा पुलिस टीम के साथ पहुंचकर द्वारा फूल माला पहनाकर/पुष्प वर्षा कर रैली का स्वागत किया गया, तत्पश्चात रैली पुलिस लाइन हमीरपुर पहुंची जहां पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा प्रतिभागियों से वार्ता कर कुशलता जानी साथ ही जलपान कराकर अग्रिम निर्देशों से अवगत कराया गया, इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी यातायात, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर, प्रभारी महिला थाना, प्रतिसार निरीक्षक हमीरपुर व अन्य संबंधित पुलिस अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। कल दिनाँक 26.03.2023 की सुबह पुलिस लाइन हमीरपुर से महिला सशक्तिकरण रैली को अपने अग्रिम गंतव्य जनपद जालौन(मुख्यालय उरई) की ओर रवाना किया जायेगा तथा जगह-जगह प्रशासन के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा।

UP15D
Y0612
UP78G
Y4147

हमीरपुर पुलिस